RAJIV GANDHI
INSTITUTE FOR CONTEMPORARY STUDIES

# कम्युनलिज्म वॉच

खंड: 3,अंक-2 1 फरवरी- 28 फरवरी, 2017

## इस अंक में

**सांप्रदायिक घटनाएं** 2-4

**सांप्रदायिक हिंसा और तनाव**

- हरदा में धार्मिक स्थल पर पथराव से तनाव
- बिजनौर में युवक की हत्या के बाद तनाव
- नासिक में तनाव
- आगरा में तनाव के प्रयास
- बरेली में सामान्य विवाद के बाद तनाव
- गोवा में तनाव
- लुधियाना में सामान्य विवाद में तनाव
- मंगलुरू में हिंदूवादी संगठनों की विवाद फैलाने की कोशिश
- महाराष्ट्र में तनाव और हिंसा

**शिक्षा का भगवाकरण** 8-9

- अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय में आरएसएस का प्रभाव
- महाराणा प्रताप से जुड़े इतिहास को बदलने का प्रस्ताव
- स्कूलों में परंपरा की पढ़ाई होगी अनिवार्य
- मुफ्त साइकिल वितरण के जरिए हिंदुत्व का प्रचार

**सांप्रदायिक रणनीति** 5-8

- आरएसएस ने किया सौहार्द रैली का विरोध
- आरएसएस लाएगा सृजन ब्रांड के उत्पाद
- डीयू के नॉर्थ कैंपस में एबीवीपी का प्रदर्शन
- पश्चिम बंगाल में तनाव से बंद है एक स्कूल
- दाराशिकोह का रणनीतिक इस्तेमाल
- वैलेंटाइन डे पर हुई मोरल पोलिसिंग
- केरल में आरएसएस का प्रसार
- कानपुर में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास
- हैदराबाद में गाय के मुद्दे पर भारतीय क्रांति मंच सक्रिय
- हिंदुत्व की किताब राजदूतों के लिए अनिवार्य करने की मांग
- विहिप की एक मुट्ठी अनाज योजना
- भाजपा नेता का चुनावी सभा में विवादित बयान
- आरएसएस का साहित्य दिवस

*अभिव्यक्ति की आजादी*

- बीएचयू प्रशासन ने गांधी पर आयोजित कार्यक्रम को रोका
- सेक्सी दुर्गा के फिल्मकार को मिलीं धमकियां
- अगरतला पुस्तक मेले में कश्मीर पर किताब का विरोध

**न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया** 9-12

- फैजल हत्याकांड में विहिप नेता गिरफ्तार
- बसपा नेता पर हेट स्पीच का आरोप
- मोहसिन सिख हत्याकांड में आरोपी की याचिका पर सुनवाई
- हेटस्पीच मामले में रामदेव को जारी हुआ सम्मन
- प्रोफेसर निवेदिता मेनन पर राष्ट्र विरोधी बयान का आरोप
- मथुरा में भाजपा प्रत्याशी पर हेट स्पीच का मामला
- मालेगांव मामले में प्रज्ञा ठाकुर की जमानत याचिका स्वीकार
- मुजफ्फरनगर दंगे में गैंग रेप मामले में धीमी जांच
- मुजफ्फरनगर दंगो का आरोपी गिरफ्तार
- जेएनयू छात्र नेता शेहला रशीद के खिलाफ एफआईआर
- हरियाणा में जाट नेता के खिलाफ हेट स्पीच का मामला
- केरल में मोरल पोलिसिंग से पीड़ित युवक की मौत हैदराबाद में कांग्रेस नेता के खिलाफ पुलिस शिकायत
- रामजस कॉलेज विवाद में दिल्ली पुलिस को एनएचआरसी की नोटिस

**विविध** 12

- राज्यों में सांप्रदायिक हिंसा पर सरकार का आंकडा
- कंधमाल दंगों पर डॉक्युमेंट्री
- हिंसा के इतिहास पर अजय वर्गीज की किताब

# सांप्रदायिक घटनाएं

## सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव

| घटनाएं | सम्मिलित संगठन/ समूह | दिनांक और घटना स्थल |
|---|---|---|
| **हरदा में धार्मिक स्थल पर पथराव से तनाव**<br>मध्यप्रदेश के हरदा में एक मस्जिद पर पथराव के बाद तनाव हुआ। पुलिस की जानकारी के अनुसार, एक खास समुदाय के लोग दूसरे समुदाय के एक युवक द्वारा किए गए उत्पीड़न के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया। बताया जाता है कि युवती ने दबाव में आकर आत्महत्या कर लिया।<br><br>http://www.freepressjournal.in/bhopal/bhopal-school-girls-suicide-triggers-communal-tension-in-harda/1013280<br>Date Accessed:4/2/2017 | स्थानीय समुदाय | 3/2/2017<br>हरदा, मध्यप्रदेश |
| **बिजनौर में युवक की हत्या के बाद तनाव**<br>जिला बिजनौर के नयागाँव में खेत में सिंचाई करने गए 16 साल के एक युवक की हत्या के आरोपों के बाद तनाव हुआ। इस घटना में युवक के पिता भी गंभीर रूप से घायल हैं। इस मामले में पेदा गाँव के एक व्यक्ति सहित सात लोगों पर आरोप है। घटना को सितंबर, 2016 में पेदा गाँव के तीन मुस्लिमों की हत्या से जोड़कर देखा जा रहा है।<br><br>http://www.hindustantimes.com/lucknow/communal-tensions-simmer-in-up-s-bijnor-after-teenager-s-murder/story-8q6BUWJ98WY0KuqDX9AHyL.html<br>http://www.news18.com/news/india/how-the-victims-family-prevented-clashes-in-poll-bound-bijnor-1348391.html<br>Date Accessed:12/2/2017 | स्थानीय समुदाय | 11/2/2017<br>बिजनौर, उत्तरप्रदेश |
| **नासिक में तनाव**<br>महाराष्ट्र के नासिक में दो घटनाओं के कारण तनाव हुआ और दुकानें बंद रहीं। एक घटना कथित तौर पर जानवर की तस्करी को लेकर है जिस पर दक्षिणपंथी संगठनों ने विवाद की कोशिश की और तीन लोगों पर हमला किया। इसके बाद एक घटना में हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता पर हमला करने का आरोप लगा। पुलिस ने दोनों मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया।<br><br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/nashik/textile-town-tense-cops-step-up-security-cover/articleshow/57174306.cms<br>Date Accessed:16/2/2017 | दक्षिणपंथी संगठन् | 14/2/2017<br>नासिक, महाराष्ट्र |
| **आगरा में तनाव के प्रयास**<br>आगरा में बजरंग दल सदस्यों और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में तनाव हुआ। आरोप है कि एक | हिंदुत्ववादी | 14/2/2017<br>आगरा, उत्तरप्रदेश |

| | | |
|---|---|---|
| मंदिर के बाहर पूजा के दौरान हिंदुत्ववादी संगठनों ने अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ नारे लगाए जिससे बाद में हिंसा हुई। पहले चरण के चुनावों के बाद से यह क्षेत्र में तनाव पैदा करने की दूसरी कोशिश है।<br><br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/agra/bajrang-dal-men-clash-with-minority-community-in-agra-city-tense/articleshow/57173409.cms<br>Date Accessed:16/2/2017 | संगठन | |
| **बरेली में सामान्य विवाद के बाद तनाव**<br>बरेली में क्रिकेट के खेल में हुआ विवाद सांप्रदायिक विवाद में बदल गया। आरोप है कि खेल का विवाद सुलझने के बाद दोनों पक्षों में मार-पीट हुई और इससे तनाव हुआ। दोनों समुदायों में तनाव के दौरान पत्थरबाजी हुई। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज कराया गया है।<br><br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/bareilly/altercation-during-cricket-match-acquires-communal-cha/articleshow/57192607.cms?<br>Date Accessed:17/2/2017 | स्थानीय समुदाय | 15/2/2017<br>बरेली,<br>उत्तरप्रदेश |
| **गोवा में तनाव**<br>गोवा के वलपोई कस्बे में दो समुदायों के बीच तनाव हुआ। आरोप है कि शिव जयंती के दिन धार्मिक उत्सव से जुड़े पोस्टर फाड़ने से तनाव हुआ। दोनों पक्षों के करीब 200 लोगों ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने कहा है कि तनाव एक मूर्ति की स्थापना को लेकर हुआ। जिसे लेकर एक समुदाय ने आपत्ति की थी।<br><br>http://www.siasat.com/news/shiv-jayanti-banner-found-torn-communal-tension-sparks-goa-1134691/<br>Date Accessed:19/2/2017 | स्थानीय समुदाय | 18/2/2017<br>वलपोई, गोवा |
| **लुधियाना में सामान्य विवाद में तनाव**<br>लुधियाना के गियासपुरा में दो समुदायों के बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर तनाव हुआ। सरकारी कॉलनी में रहने वाले दो परिवारों के बीच हुए सामान्य विवाद में पत्थर फेंके गए। इस घटना में दोनों पक्षों के 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया। इस मामले में दोनों परिवारों ने एफआईआर दर्ज कराया लेकिन बाद में सुलह हो गयी।<br><br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/ludhiana/kids-brawl-sparks-communal-tension/articleshow/57280923.cms?<br>Date Accessed:22/2/2017 | स्थानीय समुदाय | 20/2/2017<br>लुधियाना,<br>पंजाब |
| **मंगलुरू में हिंदूवादी संगठनों की विवाद फैलाने की कोशिश**<br>मंगलुरू के कोइला गाँव के पुत्तुर तालुक में एक मुस्लिम घर में दूसरे समुदाय के तीन अतिथि सहपाठियों के ठहरने को लेकर विवाद हुआ। हिंदू कार्यकर्ताओं ने इस पर आपत्ति जताया और कहा कि युवतियों का अपहरण होने की संभावना थी। तीनों युवतियां अपने साथ पढ़ने वाली युवती के घर छुट्टियां मनाने के लिए आयी थीं।<br><br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/mangaluru/home-stay-of-friends-flares-communal-passions-situation-under-control/articleshow/57290319.cms<br>Date Accessed:22/2/2017 | हिंदुत्ववादी संगठन | 21/2/2017<br>मंगलुरू,<br>कर्नाटक |

| | | |
|---|---|---|
| **महाराष्ट्र में तनाव और हिंसा**<br>महाराष्ट्र के जलना जिले में 19 फरवरी को शिव जयंती के दिन तनाव हुआ। इस दौरान हुई हिंसा में मुस्लिम समुदाय के लोगों की दुकानों में आग लगा दिया गया और कई वाहन जला दिए गए। बताया जाता है कि इस दिन एक धार्मिक यात्रा के खास इलाके में पहुंचने पर, यात्रा में शामिल लोगों द्वारा दूसरे समुदाय के झंडे चलाने से विवाद हुआ।<br><br>http://www.milligazette.com/news/15419-riot-in-partur-area-of-maharashtra-innocents-arrested<br>Date Accessed:26/2/2017 | स्थानीय समुदाय | 19/2/2017<br>जलना,<br>महाराष्ट्र |

| सांप्रदायिक रणनीतियां | |
|---|---|
| **सांप्रदायिक संगठन** | |
| **रणनीतियां** | **सम्मिलित संगठन** |
| **आरएसएस ने किया सौहार्द रैली का विरोध**<br>आरएसएस और उससे जुड़े संगठनों ने मंगलूरू में आयोजित सौहार्द रैली के आयोजन का विरोध किया। रैली का आयोजन सीपीआई (एम) सहित कई अराजनीतिक संगठनों ने किया था। 23 फरवरी को आरएसएस कार्यकर्ताओं ने मंगलुरु में सीपीएम के दफ्तर में आग लगा दिया था। आरएसएस केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन की रैली में शामिल होने का विरोध कर रहा था।<br><br>http://newsclick.in/mangalore-defeats-rss-disruption-communal-harmony-march<br>Date Accessed: 2/2/2017 | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ |
| **आरएसएस लाएगा सृजन ब्रांड के उत्पाद**<br>आरएसएस सृजन ब्रांड की स्थापना करेगा और इसके जरिए कारीगरों को प्रशिक्षित करके अगरबत्ती और डिटर्जेंट पाउडर बेचेगा। इसकी शुरुआत मध्यप्रदेश से होगी। फिलहाल दस गांवों में एक-एक यूनिट लगाया जाएगा। आरएसएस सरकार के समांतर एक तंत्र को विकसित करने की कोशिश करता रहा है जिसमें अस्पताल, स्कूल आदि हैं।<br><br>http://www.jagran.com/madhya-pradesh/bhopal-srajan-is-brand-of-rss-on-lines-of-patanjali-15466269.html<br>Date Accessed: 2/2/2017 | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ |
| **डीयू के नॉर्थ कैंपस में एबीवीपी का प्रदर्शन**<br>रामजस कॉलेज में तोड़-फोड़ करने और लोगों को मारने पीटने में शामिल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नॉर्थ कैंपस में प्रदर्शन किया। इस दौरान *अफजल के यारों भारत छोड़ो* जैसे आपत्तिजनक नारे लगाए गए। संगठन ने मांग की है कि देश के सभी शैक्षणिक परिसरों में वाम संगठनों से संबद्ध छात्र संगठनों को प्रतिबंधित किया जाए।<br><br>http://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/abvps-counter-march-seeks-ban-on-left-bodies-at-universities/articleshow/57438425.cms<br>Date Accessed: 3/2/2017 | अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद |
| **पश्चिम बंगाल में तनाव से बंद है एक स्कूल**<br>पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में तनाव से दो महीने से ज्यादा समय से स्कूल बंद हैं। नवंबर, 2016 में हुई घटना के बाद से तेहट्टा हाई स्कूल बंद हैं। घटना नबी दिवस की अनुमति न देने और जनवरी में सरस्वती पूजा को लेकर हुए विवादों से जुड़ी है।<br><br>http://www.timesnow.tv/india/video/school-shut-over-two-months-after-rising-communal-tension-in-wb-0/55192<br>Date Accessed:3/2/2017 | |
| **दाराशिकोह का रणनीतिक इस्तेमाल** | |

| | |
|---|---|
| एनडीएमसी ने राष्ट्रपति भवन के पास के डलहौजी रोड का नाम बदलकर दाराशिकोह कर दिया। लार्ड डलहौजी भारत में ब्रिटिश गवर्नर जनरल थे। दिलचस्प है कि इसके लिए मुगल राजकुमार का नाम क्यों चुना गया जबकि इससे पहले औरंगजेब रोड का नाम बदला गया था। दाराशिकोह की हत्या औरंगजेब ने की थी और दाराशिकोह के व्यक्तित्व के कई पहलू ऐसे हैं जिससे हिंदू राष्ट्रवादियों को दाराशिकोह का रणनीतिक इस्तेमाल करने में आसानी होती है।<br><br>http://indianexpress.com/article/research/dalhousie-road-renamed-after-dara-shikoh-why-hindutva-right-wingers-favour-a-mughal-prince/<br>Date Accessed: 7/2/2017 | नई दिल्ली म्यूनिसिपल कार्पोरेशन |
| **वैलेंटाइन डे पर हुई मोरल पोलिसिंग**<br>हिंदुत्ववादी संगठनों ने देश भर के कई राज्यों में वैलेंटाइन डे का विरोध किया और मोरल पोलिसिंग की। उड़ीसा में बजरंग दल ने लोगों को धमकाया। कोयंबटूर में हिंदू मुन्नानी के 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया। हिंदु मुन्नानी के कार्यकर्ताओं ने वैलेंटाइन डे पर आयोजित कार्यक्रमों का विरोध किया और पोस्टर जलाया।<br><br>http://www.asianage.com/india/all-india/130217/bajrang-dal-valentines-day-threat-irks-youth.html<br>http://www.thenewsminute.com/article/23-hindu-munnani-men-detained-coimbatore-burning-valentine-s-day-posters-57229<br>Date Accessed: 14/2/2017 | हिंदुत्ववादी संगठन |
| **केरल में आरएसएस का प्रसार**<br>केरल में आरएसएस का सांगठनिक प्रसार हो रहा है। राज्य में शाखाओं और संघ कार्यकर्ताओं की संख्या में बढ़त हुई है। केरल में हर रोज 5000 शाखाओं के संचालन का दावा किया जा रहा है।<br><br>http://www.dnaindia.com/india/report-rss-strengthening-base-in-kerala-number-of-shakhas-rising-2322529<br>Date Accessed: 14/2/2017 | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ |
| **कानपुर में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास**<br>विधानसभा चुनावों में कानपुर के कल्यानपुर और सीसामऊ इलाके में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास हुए। इससे पहले 24 नवंबर, 2016 को सीसामऊ में सांप्रदायिक घटना हुई थी। कल्यानपुर में 2015 में रामनवमी के दौरान में हिंसा हुई थी। योगी आदित्यनाथ ने दंगों का जिक्र अपने चुनावी भाषणों में किया और दलितों के पलायन को एक खास समुदाय का आतंक बताया। सीसामऊ में राजनाथ सिंह के कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नेताओं ने एक समुदाय को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।<br><br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/kanpur/bjp-plays-hindutva-card-in-clash-hit-kalyanpur-sisamau/articleshow/57194187.cms<br>Date Accessed: 16/2/2017 | भारतीय जनता पार्टी |
| **हैदराबाद में गाय के मुद्दे पर भारतीय क्रांति मंच सक्रिय**<br>हैदराबाद में भारतीय क्रांति मंच की माँग है कि राज्य सरकार गाय को राज्य माता घोषित करे और गाय बचाने के लिए विशेष व्यवस्था करे। संगठन ने पेट्रोल और डीजल की जगह गोबर गैस (मीथेन) का | भारतीय क्रांति मंच |

| | |
|---|---|
| इस्तेमाल करने के लिए कहा है। संगठन ने 21-22 फरवरी को अलग-अलग जगहों पर महाजनआंदोलन का आयोजन किया।<br><br>http://www.siasat.com/news/maha-jana-andolan-cow-protection-hyderabad-1135101/<br>Date Accessed: 19/2/2017 | |
| **हिंदुत्व की किताब राजदूतों के लिए अनिवार्य करने की मांग**<br>आरएसएस ने कहा है कि हिंदुत्व पर आधारित किताबों को देश के राजदूतों के लिए पढ़ना अनिवार्य कर देना चाहिए। संघ ने कहा कि सूर्यकांत बाली की लिखी किताब 'भारत को समझने की शर्तें' को सरकार द्वारा अनिवार्य बनाना चाहिए। आरएसएस का दावा है कि भारत से बाहर काम करने वाले राजदूत इसे पढ़कर भारत को भारत के नजरिए से देख सकेंगे।<br><br>http://www.tribuneindia.com/news/nation/book-on-hindutva-should-be-made-compulsory-reading-for-envoys-rss/367959.html<br>Date Accessed: 22/2/2017 | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ |
| **विहिप की एक मुट्ठी अनाज योजना**<br>विहिप ने एक मुट्ठी अनाज योजना की घोषणा की। विहिप नेता प्रवीण तोगड़िया ने कहा है कि इसके जरिए हर घर से एक मुट्ठी अनाज लिया जाएगा जो गरीब लोगों तक पहुंचेगा। जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में इससे संबंधित एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।<br><br>http://www.business-standard.com/article/pti-stories/togadia-launches-ek-mutthi-anaaj-scheme-117022400794_1.html<br>Date Accessed: 24/2/2017 | विश्व हिंदू परिषद |
| **भाजपा नेता का चुनावी सभा में विवादित बयान**<br>भारतीय जनता पार्टी के सांसद साक्षी महाराज ने उत्तरप्रदेश चुनावों के दौरान आपत्तिजनक बयान दिया। बयान में कहा गया था कि कानून बनाकर कब्रिस्तान बनाने पर रोक लगाना चाहिए और मुस्लिमों का दाह संस्कार किया जाना चाहिए। भाजपा सांसद ने यह बयान उन्नाव की एक जनसभा में दिया था।<br><br>http://www.newindianexpress.com/nation/2017/feb/28/sakshi-maharajs-kabristaan-remark-aimed-at-spreading-communal-tension-congress-1575796.html<br>Date Accessed: 28/2/2017 | भारतीय जनता पार्टी |
| **आरएसएस का साहित्य दिवस**<br>आरएसएस ने युवाओं को प्रभावित करने के लिए नई दिल्ली में एक आयोजन किया। करीब 5000 स्वयंसेवकों ने आएसएस से जुड़ी 32,000 किताबों का वितरण किया। सभी किताबें आरएसएस की विचारधारा और आरएसएस विचारकों पर हैं। आरएसएस ने कहा है कि जल्दी ही संगठन शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक जगहों पर किताबों के विक्रय केन्द्र खोलेगा ताकि लोगों में राष्ट्रवाद का प्रचार किया जा सके।<br><br>http://www.hindustantimes.com/india-news/rss-to-observe-sahitya-divas-in-delhi-on-feb-19/story-CxVCmmqJ0v0IBtygEvuabL.html<br>Date Accessed: 17/2/2017 | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ |

| | |
|---|---|
| *अभिव्यक्ति की आजादी*<br>**बीएचयू प्रशासन ने गांधी पर आयोजित कार्यक्रम को रोका**<br>बीएचयू में 30 जनवरी को महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के दिन एनएसयूआई के छात्रों ने एक सिंपोजियम आयोजित किया जिसका शीर्षक था डिवीजन ऑफ इंडिया, गांधी एंड आरएसएस'। बीएचयू के चीफ प्रॉक्टर ओ.एन. सिंह ने इस कार्यक्रम को रोक दिया और इसे गैरकानूनी कहा। प्रशासन का आरोप था कि छात्रों का समूह आरएसएस के नाम पर भ्रामक प्रचार कर रहा है।<br><br>https://thewire.in/104562/bhu-administration-halts-event-gandhi-spreading-misconceptions-rss/<br>Date Accessed: 1/2/2017 | बनारस हिंदू यूनीवर्सिटी |
| **सेक्सी दुर्गा के फिल्मकार को मिलीं धमकियां**<br>प्रख्यात मलयालम निर्देशक सनल कुमार शशिधरन को उनकी पुरस्कृत फिल्म 'सेक्सी दुर्गा' के लिए धमकियां मिल रही हैं। हिंदू स्वाभिमान संघ ने फिल्म का नाम बदलने के लिए कहा है। जबकि फिल्मकार द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इसका संबंध हिंदू देवी दुर्गा से नहीं है। फिल्म में महिलाओं के संघर्ष को दिखाया गया है।<br><br>https://thereel.scroll.in/828673/change-sexy-durga-to-sexy-sreeja-hindu-group-reportedly-tells-award-winning-director<br>Date Accessed: 6/2/2017 | हिंदू स्वाभिमान संघ |
| **अगरतला पुस्तक मेले में कश्मीर पर किताब का विरोध**<br>'त्रिपुरा विवेकानंद जुबा सेना' के बीस कार्यकर्ताओं ने अगरतला पुस्तक मेले में प्रदर्शन किया। संगठन के लोग 1998 में प्रकाशित किताब कश्मीर का विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि किताब भारतीय सेनाओं के खिलाफ है। यह किताब कश्मीर में भारतीय सेना की भूमिका की पड़ताल करती है। इस किताब का अब तक कोई विरोध नहीं हुआ था। हिंदुत्ववादी संगठन भाजपा से जुडा हुआ है।<br><br>http://www.greaterkashmir.com/news/india/hindu-group-protests-against-kashmir-book-at-agartala-book-fair/241403.html<br>Date Accessed: 15/2/2017 | त्रिपुरा विवेकानंद जुबा सेना |
| **शिक्षा का भगवाकरण** | |
| **अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय में आरएसएस का प्रभाव**<br>नालंदा विश्वविद्यालय में आरएसएस समर्थित संस्था विज्ञान भारती के सदस्य विजय भाटकर की नियुक्ति के बाद सवाल उठ रहा है कि क्या विश्वविद्यालय को एक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने के विचार को कमतर किया जा रहा है। अकैदमिक विमर्श और विविधता को समर्थन देकर तमाम तरह की राष्ट्रीयता और संस्कृतियों में संवाद के जरिए इसे किया जा सकता था। लेकिन ज्यादातर फैकल्टी में हुई नियुक्तियां भारत से की गयी हैं, जबकि इस विश्वविद्यालय को बनाने में कई देशों का सहयोग मिला है।<br><br>https://scroll.in/article/828198/how-a-chancellor-with-rss-links-goes-against-nalanda- | राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ |

| | |
|---|---|
| universitys-international-character<br>Date Accessed: 7/2/2017 | |
| **महाराणा प्रताप से जुड़े इतिहास को बदलने का प्रस्ताव**<br>राजस्थान में भाजपा विधायकों ने प्रस्ताव किया कि महाराणा प्रताप का नया इतिहास लिखा जाए, जिसमें उन्हें हल्दीघाटी की लड़ाई का विजेता बताया जाए। यूनीवर्सिटी स्तर पर पढाए जा रहे इतिहास को बदलने के लिए इस प्रस्ताव को राजस्थान विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर ने स्वीकार कर लिया है। तथ्य यह है कि अकबर के साथ हुई हल्दीघाटी की लड़ाई में महाराणा प्रताप की हार हुई थी।<br><br>http://indianexpress.com/article/india/breaking-history-maharana-pratap-won-battle-of-haldighati-rewrite-rajasthan-government-raje-4514897/<br>Date Accessed: 9/2/2017 | राजस्थान विश्वविद्यालय |
| **स्कूलों में परंपरा की पढ़ाई होगी अनिवार्य**<br>सीबीएसई स्कूलों में कक्षा 11 और 12 की किताबों में भारतीय परंपरा पर आधारित विषय को अनिवार्य बनाया जा सकता है। सरकार की ओर इस संबंध में मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर का बयान आया है। यह बात उन्होंने एक कांफ्रेस में कही। कांफ्रेस का आयोजन आरएसएस के संगठन भारतीय शिक्षण मंडल और इग्नू ने मिलकर किया था।<br><br>https://www.telegraphindia.com/1170224/jsp/nation/story_137519.jsp#.WLudAtKGPIV<br>Date Accessed: 23/2/2017 | मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार |
| **मुफ्त साइकिल वितरण के जरिए हिंदुत्व का प्रचार**<br>राजस्थान सरकार के मुफ्त साइकिल वितरण को लेकर आपत्ति की गयी है। राजस्थान की भाजपा सरकार ने हाल ही में 9 वीं कक्षा की लड़कियों को जो साइकिल दी है उसका रंग भगवा है। राज्य के शिक्षा विभाग के अनुसार अभी तक 6,283 साइकिलें दी हैं। राजस्थान सरकार ने इससे पहले पाठ्यक्रमों के जरिए भगवाकरण करने की कोशिश की है।<br><br>http://www.hindustantimes.com/india-news/in-orange-cycles-for-rajasthan-school-girls-congress-sees-saffronisation-bid/story-a4syHvtCJF1zZvmeFrUD6J.html<br>Date Accessed: 28/2/2017 | राजस्थान सरकार |

## न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया

**फैजल हत्याकांड में विहिप नेता गिरफ्तार**

केरल में नवबंर, 2016 में हुए फैजल हत्याकंड में विहिप नेता को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में गिरफ्तार हुए जयाकुमार आठवें आरोपी हैं। इससे पहले भाजपा-आरएसएस से जुड़े 11 लोगों के पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अभी तीन और आरोपी फरार हैं। पुलिस ने कहा है कि गिरफ्तार विहिप नेता उनमें से एक हैं जिसने हत्या की योजना बनायी थी।

http://www.thehindu.com/news/national/kerala/VHP-leader-held-in-Faizal-murder/article17124071.ece
Date Accessed: 1/2/2017

**बसपा नेता पर हेट स्पीच का आरोप**

बसपा नेता और मेरठ से विधानसभा चुनावों के प्रत्याशी याकूब कुरैशी को सेक्शन 125 और127 के तहत हेट स्पीच करने के आरोप में गिरफ्तार

किया गया। मेरठ पुलिस ने यह गिरफ्तारी एक आपत्तिजनक वीडियो के आधार पर की, जो सोशल मीडिया में वाइल हो रही थी। वीडियो में याकूब कुरैशी ने आरएसएस पर टिप्पणी की थी।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/bsp-candidate-qureshi-booked-for-making-hate-speech/articleshow/56899430.cms
Date Accessed: 1/2/2017

## मोहसिन सिख हत्याकांड में आरोपी की याचिका पर सुनवाई

मुंबई हाइकोर्ट ने मोहसिन शेख हत्याकांड में राज्य सरकार को मुख्य आरोपी संबंधी चार्जशीट और इससे जुड़े प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए कहा। अदालत इस मामले में आरोपी हिंदू राष्ट्र सेना के धनंजय देसाई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें मांग किया गया है उसके खिलाफ हत्या करने संबंधी आरोपों को वापस लिया जाए। इससे पहले एक अन्य अदालत में एक आरोपी को बरी कर दिया था।

http://www.hindustantimes.com/mumbai-news/pune-techie-murder-hc-asks-maha-to-produce-all-evidence-against-hindu-rashtra-sena-leader/story-okffoarKqxcFMO0LRGq8uO.html
Date Accessed: 2/2/2017

## हेटस्पीच मामले में रामदेव को जारी हुआ सम्मन

रोहतक की अदालत ने योग शिक्षक रामदेव को हेट स्पीच के मामले में समन जारी किया। उन पर आरएसएस समर्थित 'सदभावना सम्मेलन' के दौरान आपत्तिजनक भाषण देने का आरोप था। इस मामले में कांग्रेस नेता सुभाष बत्रा ने शिकायत की थी।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/chandigarh/rohtak-court-summons-ramdev-for-hate-speech/articleshow/57438160.cms
Date Accessed: 3/2/2017

## प्रोफेसर निवेदिता मेनन पर राष्ट्र विरोधी बयान का आरोप

जोधपुर के जय नरायण व्यास विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार में कथित तौर पर राष्ट्र विरोधी बयान देने के लिए जेएनयू प्रोफेसर निवेदिता मेनन के खिलाफ पुलिस शिकायत की गयी। जय नरायण विश्वविद्यालय ने आरोप लगाया है और इसकी जांच के लिए तीन सदस्यों की जांच समिति गठित की है। ऐसा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विरोध प्रदर्शन के बाद किया गया।

https://scroll.in/latest/828523/jodhpur-university-files-police-complaint-against-jnu-professor-for-her-anti-national-remarks
Date Accessed: 4/2/2017

## मथुरा में भाजपा प्रत्याशी पर हेट स्पीच का मामला

मथुरा पुलिस ने भाजपा के माट विधानसभा प्रत्याशी कुंवर सिंह निषाद को खिलाफ हेट स्पीच का मामला दर्ज किया। भाजपा नेता ने एक जनसभा में अयोध्या के विवादित स्थल पर विचाराधीन मामले पर बोलते हुए कहा था कि अगर अखिलेश यादव ने मां का दूध पिया है तो मस्जिद के नाम पर एक ईंट लगाकर दिखाओ, फिर हम तुम्हें तुम्हारी औकात दिखाएंगे।

http://timesofindia.indiatimes.com/elections/assembly-elections/uttar-pradesh/news/mathura-bjp-candidate-booked-for-hate-and-communal-speech/articleshow/56997279.cms
Date Accessed: 6/2/2017

## मालेगांव मामले में प्रज्ञा ठाकुर की जमानत याचिका स्वीकार

मुंबई हाइकोर्ट ने मालेगांव बम धमाकों में आरोपी प्रज्ञा ठाकुर की जमानत याचिका स्वीकार कर लिया। हाइकोर्ट ने कहा है कि केस शुरुआत में गवाहों के बयान बदलने से प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ लगे आरोपों के संबंध में सबूत नहीं बचे हैं। इससे पहले आरएसएस प्रचारक सुनील जोशी की हत्या के मामले में उन्हें मध्यप्रदेश की देवास अदालत ने प्रमाण न होने के चलते बरी कर दिया।

http://www.hindustantimes.com/india-news/sadhvi-pragya-thakur-7-others-acquitted-in-ex-rss-pracharak-sunil-joshi-murder-case/story-GlIPyve6WWsFC7ePBl8xsM.html

https://satyagrah.scroll.in/article/104780/sadhvi-pragya-gets-bail-in-malegaon-blasts-because-nia-does-not-have-proof-against-her
Date Accessed: 7/2/2017

## मुजफ्फरनगर दंगे में गैंग रेप मामले में धीमी जांच

2013 के मुजफ्फरनगर दंगे में 7 मुस्लिम महिलाओं के बलात्कार मामले में अभी तक कोई दोषी नहीं पाया गया है। एमनेस्टी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार दो महिलाओं ने मिल रही धमकियों के बाद अपना बयान बदल दिया। 2016 में एक महिला की मौत हो गयी और अभी तक दो मामलों में मुकदमा शुरू नहीं हुआ है। इसके अलावा सरकार द्वारा किसी तरह की अतिरिक्त सहायता भी पीड़ित महिलाओं को नहीं मिली है।

http://www.hindustantimes.com/india-news/muzaffarnagar-riots-three-years-on-no-conviction-in-gangrape-cases/story-mrpnTtsF2KK04gwq3pSXQJ.html
Date Accessed: 10/2/2017

## मुजफ्फरनगर दंगो का आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फनगर दंगो के तीन साल बाद एक आरोपी सुनील उर्फ लाला को गिरफ्तार किया गया। सुनील पर मोहम्मदपुर-रायसिंह गांव के तीन युवकों की हत्या का आरोप है।

http://www.jantakareporter.com/india/muzaffarnagar-riots-accused-arrested-three-years-communal-violence/101496/
Date Accessed: 17/2/2017

## जेएनयू छात्र नेता शेहला रशीद के खिलाफ एफआईआर

अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन ने जेएनयू की छात्र नेता शेहला रशीद की फेसबुक पोस्ट के आधार पर एक एफआईआर की। गजाला अहमद ने पुलिस में शिकायत की शेहला रशीद ने पैगंबर मुहम्मद को लेकर आपत्तिजनक बातें कही हैं। शेहला रशीद ने स्पष्ट किया है कि वे आरएसएस के लोगों की कही बात को उद्धृत कर रही थीं और इसके जरिए हेट स्पीच और ईश निंदा (blasphemy) का फर्क बता रही थीं।

http://www.thehindu.com/news/national/other-states/fir-registered-against-jnu-student-leader/article17321626.ece
Date Accessed: 19/2/2017

## हरियाणा में जाट नेता के खिलाफ हेट स्पीच का मामला

हरियाणा में ऑल इंडिया जाट आरक्षण संघर्ष समिति के सदस्य सोमबीर जेसिया पर हेट स्पीच का मामला दर्ज हुआ। जेसिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर टिप्पणी की थी। पुलिस ने एक वीडियो के आधार पर सेक्शन 124- A और 153-A के तहत मामला दर्ज किया।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/jind/jat-body-member-booked-for-hate-speech/articleshow/57263102.cms
Date Accessed: 21/2/2017

## केरल में मोरल पोलिसिंग से पीड़ित युवक की मौत

केरल में वैलेंटाइन डे के दिन मोरल पोलिसिंग का शिकार हुए युवक की मौत हो गयी। उसकी लाश एक पेड़ से लटकती पायी गयी। 22 साल के युवक अनीश और उसके दोस्त पर एक समूह के लोगों ने कोल्लम जिले में 14 फरवरी को हमला किया था। इस घटना के बाद से युवक लगातार मानसिक तनाव में था। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

http://www.thehindu.com/news/national/kerala/Aneesh-and-his-friend-were-allegedly-attacked/article17359533.ece
Date Accessed: 24/2/2017

## हैदराबाद में कांग्रेस नेता के खिलाफ पुलिस शिकायत

हैदराबाद में दबीरपुरा पुलिस ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के खिलाफ सेक्शन 298(A) के तहत पुलिस केस दर्ज किया। इसकी शिकायत मजलिस बचाओ तहरीक के नेता ने की थी। केस एक ट्विट के आधार पर दर्ज कराया गया जिसमें कहा गया था, 'क्या मदरसे और सरस्वती शिशु मंदिर के स्कूलों में कोई फर्क है? दोनों ही नफरत फैलाते हैं।'

http://www.thehindu.com/news/cities/Hyderabad/Case-against-Digvijaya-Singh/article17378594.ece?utm_source=RSS_Feed&utm_medium=RSS&utm_campaign=RSS_Syndication
Date Accessed: 27/2/2017

### रामजस कॉलेज विवाद में दिल्ली पुलिस को एनएचआरसी की नोटिस

22 फरवरी को डीयू के रामजस कॉलेज में हुए विवाद में पुलिस के लाठीचार्ज को लेकर, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पुलिस को नोटिस भेजा। आयोग ने कहा कि आरोप है कि इस दौरान कुछ पत्रकारों को भी मारा गया। पुलिस को जवाब देने के लिए चार हफ्तों का समय दिया गया है।

https://scroll.in/latest/830534/ramjas-college-violence-nhrc-sends-notice-to-delhi-police-for-alleged-use-of-excessive-force
Date Accessed: 28/2/2017

## विविध

### राज्यों में सांप्रदायिक हिंसा पर सरकार का आंकडा

सरकार की ओर से गृह राज्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में जवाब दिया कि उत्तरप्रदेश में 2016 के दौरान 162 सांप्रदायिक विवाद दर्ज हुआ। इसके अलावा कर्नाटक में 101 केस, महाराष्ट्र में 68, मध्य प्रदेश में 57 केस दर्ज हुए। पश्चिम बंगाल में दर्ज 32 केस में 252 लोग घायल हुए और चार लोगों की मौत हो गयी।

http://timesofindia.indiatimes.com/elections/assembly-elections/uttar-pradesh/news/rise-in-communal-violence-in-poll-bound-up-kiren-rijiju-says/articleshow/57025941.cms
Date Accessed: 7/2/2017

### कंधमाल दंगों पर डॉक्युमेंट्री

2008 में हुए कंधमाल दंगो पर केपी ससी ने 'Voices from the Ruins: Kandhamal in search of justice' नाम से एक डॉक्युमेंट्री बनाया है। फिल्म में श्रृंखलाबद्ध ढंग से हुई सांप्रदायिक हिंसा के कारणों और इससे प्रभावित हुए लोगों के जीवन संघर्ष को फिल्माया गया है।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/chennai/capturing-the-spark-that-led-to-communal-riot-in-kandhamal/articleshow/57178586.cms
Date Accessed:16/2/2016

### हिंसा के इतिहास पर अजय वर्गीज की किताब

अजय वर्गीज की स्टेनफॉर्ड यूनीवर्सिटी प्रेस से प्रकाशित किताब *The Colonial Origins of Ethnic Violence in India* में कहा गया है कि भारत का औपनिवेशिक काल सांप्रदायिक और जातीय विवादों को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। किताब कहती है कि इसमें औपनिवेशिक प्रशासन और 1857 के बाद प्रांतीय सरकारों और नीतियों की अहम भूमिका है, खास तौर पर चकबंदी और जमीन से जुड़ी हुई नीतियां। इससे पहले अभिजीत बनर्जी, लक्ष्मी अय्यर, डेव डोनाल्डसन और शिवाजी मुखर्जी औपनिवेशिक शासन की अप्रत्यक्ष नियमों और भूमि संबंधी नीतियों का हवाला देते रहे हैं।
https://thewire.in/110535/communal-violence-caste-colonialism/
Date Accessed: 21/2/2017



सूचना: यह केवल निजी प्रसार के लिए है। सभी लेख, खबरें मूल लेखों और खबरों का सार-संक्षेप है और इनके शीर्षकों में कहीं-कहीं बदलाव किया गया है।